भारतीय रिज़र्व बैंक

**RESERVE BANK OF INDIA**

www.rbi.org.in

आर.बी.आई/2012-13/103

डीजीबीए.जीएडी.सं एच.04/31.05.001/2012-13 02 जुलाई 2012

समस्त एजेंसी बैंक

प्रिय महोदय/ महोदया,

**मास्टर परिपत्र- एजेंसी बैंकों द्वारा पेंशन का वितरण**

एजेंसी बैंकों द्वारा सरकारी पेंशन का भुगतान करने के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक अनेक अनुदेश जारी कर रहा है। वे अनुदेश दिनांक 1 जुलाई 2011 के हमारे मास्टर परिपत्र आर.बी.आई.2011-12/98 (डीजीबीए.जीएडी. सं.एच.01/31.05.001/2011-12) द्वारा सूचित किए गए थे। अब हम, उपर्युक्त विषय पर 30 जून 2012 तक जारी महत्वपूर्ण अनुदेशों को शामिल करते हुए एक अद्यतन मास्टर परिपत्र इसके साथ संलग्न कर रहे हैं। आप इस परिपत्र को हमारी वेबसाइट www.mastercirculars.rbi.org.in पर भी देख सकते हैं।

2. कृपया प्राप्ति-सूचना दें।

भवदीय,

(बी के मिश्रा)
महाप्रबंधक

अनुलग्नक यथोक्त ।

यह विभाग आईएसओ 9001:2000 प्रमाणित है ।

सरकारी और बैंक लेखा विभाग,केंद्रीय कार्यालय, भायखला ऑफिस बिल्डिंग, 4 थी मंज़िल,मुंबई सेन्ट्रल रेलवे स्टेशन के सामने,भायखला, मुंबई-400 008

Department of Government & Bank Accounts, Central Office, Opp.Mumbai Central Railway Station. Byculla, Mumbai – 400 008.

This Department is ISO 9001-2000 certified

Telephone : (022)2308 4121, Fax No. (022) 2300 0370/2301 6072/2301 0095, e-mail : cgmicdgbaco@rbi.org.in

(बी) पेंशनर की मृत्यु होने पर एक माह में उसकी मृत्यु की सूचना राजकोष कार्यालय को दी जानी चाहिए, ताकि राजकोष कार्यालय द्वारा पेंशनर की मृत्यु होने पर संयुक्त खाते में पेंशन जमा करना बंद कर दी जाएंगी। हालांकि यदि कोई राशि संयुक्त खाते में भूल से जमा कर दी जाती है, तो यह पेंशनर के एकल या संयुक्त रूप से परिचालित किसी खाते से वसूली योग्य होगी। इस प्रकार भूलवश जमा किसी भी राशि को वापस जमा करने हेतु वैधानिक उत्तराधिकारी, परवर्ती एवं निष्पादक आदि भी दायी होंगे।

(सी) यह सुविधा वर्तमान/भविष्य के पेंशनरों के लिए उपलब्ध है।

वर्तमान पेंशनर, जोकि अपने पेंशन का भुगतान एक संयुक्त खाते में चाहते हो,को उस बैंक/ राजकोष कार्यालय में जहाँ से वे वर्तमान में पेंशन प्राप्त कर रहे है, एक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

दिनांक 19 जुलाई 2001 के सरकारी आदेश के साथ पठित सरकारी आदेश दिनांक 16 दिसंबर 1996 एवं 6 अप्रैल 1985 उपरोक्त सरकारी आदेश की सीमाओं में संशोधित माने जाएं। अन्य शर्ते एवं निबंधन अपरिवर्तनीय रहेंगे।

**23. सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकों द्वारा उत्तराखंड सरकार के पेंशनरों को पेंशन का भुगतान - पेंशनर द्वारा परिवार पेंशनर /नामिति के साथ परिचालित संयुक्त खाते में पेंशन जमा किया जाना।**
**(संदर्भ डीजीबीए. जीएडी.क्र.एच 12656/45.05.010/2007-08 दिनांक 5 जून 2008)**

उत्तराखंड सरकार ने उन पेंशनरों के संबंध में, जिनके पेंशन भुगतान आदेश(पीपीओ) में उनके परिवार पेंशनर/नामित के पक्ष में परिवार पेंशन हेतु प्राधिकार है, ऐसे पेंशनरों को एकल खाते के अलावा परिवार पेंशनर/नामित के साथ संयुक्त बैंक खाता में भी पेंशन जमा करने की सुविधा देने के लिए पेंशन भुगतान योजना मे निम्नांकित शर्तों और निबंधनों के अधीन संशोधन किया हैं।

(ए) एक बार पेंशन बैंक खाते में राजकोष के द्वारा जमा हो जाने पर सरकार /बैंक का दायित्व समाप्त समझा जाएंगा । यदि परिवार पेंशनर (पति/पत्नी) या पीपीओं में नामित व्यक्ति अनुचित रूप से संयुक्त खाते से राशि का आहरण करते है, तो पेंशनर/ संयुक्त खाता धारक इसके लिए उत्तरदायी होंगे।

(बी) चूंकि पेंशन पेंशनर के जीवित रहते ही भुगतान योग्य है, अतः पेंशनर की मृत्यु होने पर अतिशीघ्र उसकी मृत्यु की सूचना बैंक/ राजकोष को दी जानी चाहिए, ताकि राजकोष पेंशनर की मृत्यु होने पर संयुक्त खाते में पेंशन जमा करना बंद कर दें । हालांकि यदि होई राशि संयुक्त खाते में भूल से जमा कर दी जाती है तो यह संयुक्त खाता धारक (पेंशनर/पति/पत्नी नामित)से पेंशनर की मृत्यु के पश्चात वसूली योग्य होगी। पेंशनर की मृत्यु के बाद संयुक्त खात में भूलवश जमा किसी भी राशि को वापस जमा करने हंतू वैधानिक उत्तराधिकारी, परवर्ती एवं नामित आदि, दायी होंगे ।

(सी) उपरोक्त शासकीय आदेश की सीमाओं में रहते हुए दि. 08/11/1985 का शासकीय आदेश संशोधित माना जाएंगा एवं अन्य शर्ते एवं निबंधन यथावत रहेंगे।

